This question paper contains 8 printed pages]

Your Roll No. ....................................

5857

**LL.B./IV Term** **C**

Paper LB-4037 - GENDER JUSTICE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :– Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. Explain briefly any *three* of the following :

(*a*) Regulatory mechanism under PNDT Act, 1994.

(*b*) The Commission of Sati (Prevention) Act, 1987.

(*c*) Law as an instrument of Patriarchal oppression.

(*d*) Marxist theory of Gender Justice.

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए :

(*a*) PNDT अधिनियम, 1994 के अधीन नियामक तंत्ररचना ।

(*b*) सती (निवारण) अधिनियम, 1987 ।

(*c*) पितृतंत्रीय अन्यायपूर्ण आचरण के उपकरण के रूप में विधि ।

(*d*) लैंगिक न्याय का मार्क्सवादी सिद्धान्त ।

2. Critically analyse Criminal Law (Amendment) Act, 2013.

दंड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

3. (*i*) Why is it necessary to understand Patriarchy as a system ?

(*ii*) Frederick Engels believed that 'Women's subordination began with the development of private property when "the world historical defeat of the female sex" took place'. Critically analyse the above statement explaining briefly, the origin of patriarchy.

(*i*) एक पद्धति के रूप में पितृतंत्र को समझना क्यों आवश्यक है ?

(*ii*) फ्रेडरिक ऐन्जिल्स का विश्वास था कि स्त्रियों की अधीनस्थता प्राइवेट सम्पत्ति के उद्भव के साथ शुरू हो गई जब स्त्री लिंग की विश्व ऐतिहासिक पराजय हुई थी । पितृतंत्र के उद्गम की संक्षिप्त व्याख्या करते हुए उक्त कथन का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

4. (*i*) Explain briefly the origin and development of feminism describing various waves of feminism.

(*ii*) "Feminist issues are obviously human issues and human issues invariably turn out to have a feminist dimensions." Elaborate.

(*i*) नारी अधिकारवाद की विभिन्न तरंगों का वर्णन करते हुए नारी अधिकारवाद के उद्गम और विकास की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए ।

(*ii*) "नारी अधिकारवादी मुद्दे स्पष्टत: मानव मुद्दे होते हैं और मानव मुद्दों का निश्चितत: नारी अधिकारवादी आयाम होता है ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

5. "Liberal theory of Gender Justice seeks to open up public life equally to men and women but does not challenge the structural forms of oppression." Discuss.

"लैंगिक न्याय का उदारवादी सिद्धान्त नर तथा नारी के लिए समान रूप में लोक जीवन जीने के द्वार खोलता है किन्तु अन्यायपूर्ण आचरण के ढांचागत प्ररूप को चुनौती नहीं देता ।" विवेचन कीजिए ।

6. "Since the mere extension of general human right to women has been fraught with difficulties, there was a need to formulate a special law to specifically promote and protect women's human right." Which special law is mentioned in the statement ? Describe the basic features of that law.

"क्योंकि नारियों तक सामान्य मानव अधिकारों का विस्तार कठिनाइयों से भरा होता है, अतः नारियों के मानव अधिकारों को विनिर्दिष्टतः प्रोत्साहित तथा संरक्षित करने के लिए विशेष विधि के प्रतिपादन की आवश्यकता थी ।" उक्त कथन में कौनसी विशेष विधि को उल्लिखित किया गया है ? उस विधि की आधारिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

7. Leena is working in a multinational company as a Receptionist. Prem is working as a personal secretary to CEO of that company. Prem used to make comment on Leena's

cloths and jewellery saying she looks very beautiful and attractive etc. One day, Prem insists Leena to wear red-colour Sari with golden jewellery. On Leena's refusal Prem gets offended and slaps on her posterior. Leena complains to CEO and narrates the whole incident. What procedure CEO is required to initiate ? Discuss with reference to *Vishakha's* judgment. Can Leena prosecute Prem under any other law ?

लीना एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में रिसैप्शनिस्ट के रूप में कार्यरत है । प्रेम उसी कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के वैयक्तिक सचिव के रूप में कार्यरत है । प्रेम लीना को बहुत सुन्दर तथा आकर्षक लगने वाली आदि बताते हुए उसके कपड़ों तथा गहनों पर टिप्पणी किया करता था । एक दिन प्रेम लीना से आग्रह करता है कि वह स्वर्ण आभूषणों के साथ लाल रंग की साड़ी पहनकर आए ।, लीना के मना करने पर प्रेम आहत हो जाता है तथा उसके

शरीर के पिछले हिस्से पर थप्पड़ जड़ देता है । लीना मुख्य कार्यकारी अधिकारी से शिकायत करती है तथा पूरी घटना की जानकारी देती है । मुख्य कार्यकारी अधिकारी से क्या कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा है ? विशाखा के निर्णय के सन्दर्भ में विवेचन कीजिए । क्या लीना प्रेम पर किसी अन्य विधि के तहत अभियोग चला सकती है ?

8. Reema files an application for maintenance under Section 20 of PWDV Act, 2005, alleging that she was married to Rakesh in January 2010. She states that Rakesh lived with her in her father's house for two years. In February 2012, Rakesh left Reema. Rakesh's contention is that he got married to Rekha in the year 2000 as per Hindu customary rites and has got a son from this wedlock. He further argues that Reema is not entitled to maintenance under DV Act as she was not living in the "relationship in the nature of marriage" with him. Decide.

रीमा यह अभिकथन करते हुए पी. डब्ल्यू. डी. वी. अधिनियम, 2005 की धारा 20 के तहत भरण-पोषण हेतु एक अर्जी फाइल करती है कि जनवरी 2010 में उसका राकेश के साथ विवाह हुआ था । उसने कहा था कि राकेश उसके साथ दो वर्षों तक उसके पिता के घर रहा था । फरवरी 2012 में राकेश ने रीमा को छोड़ दिया । राकेश का यह प्रतिवाद है कि उसने वर्ष 2000 में रेखा के साथ हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार विवाह किया था तथा विवाहित जीवन में उसको एक पुत्र भी पैदा हुआ था । उसका आगे तर्क है कि रीमा डी. बी. एक्ट के तहत भरण-पोषण की हकदार नहीं है क्योंकि वह उसके साथ "विवाह जैसे सम्बन्ध नहीं निभा रही है ।" विनिश्चय कीजिए ।